# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

राजकमल जैमन, निवासी झांपडावास तहसील सिकराय जिला दौसा- 303501
[illegible]

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा जिला दौसा

अपील संख्या 92/2022

**निर्णय** दिनांक 29.08.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा जिला दौसा को प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं संलग्न पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2022/1797 दिनांक 29.07.2022 एवं स्मरण पत्र क्रमांकः 1972 दिनांक 10.08.2022 के द्वारा पत्र लिखा जाकर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा को निर्देशित किये जाने के उपरांत अपीलांट को वांछित नकल/सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बहरावण्डा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:51:53 IST
Reason: SelfAttested